डाक/ईमेल/अपलोड

**राजस्थान सरकार**
**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग**

क्रमांक:एफ 13(1)खा.वि./आवंटन/खाद्य सुरक्षा/2020 जयपुर, दिनांक : 01.04.2020

## गेहूं आवंटन आदेश अप्रेल, 2020
## (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत)
### (खाद्य सुरक्षा योजना के अतिरिक्त)

अवर सचिव, भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी आवंटन आदेश क्रमांक 7–1/2019(ii)–बी.पी.–III, दिनांक 30.03.2020 एवं मेमोरेण्डम क्रमांक 7–1/2019(i)–बी.पी.–III, दिनांक 30.03.2020 के क्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत अन्त्योदय, बीपीएल तथा स्टेट बीपीएल तथा PHH अन्य श्रेणी (खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित) राशनकार्डधारियों को **05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह निःशुल्क** वितरित किये जाने बाबत पात्रतानुसार माह अप्रेल, 2020 हेतु गेहूं का जिलेवार उप–आवंटन संलग्न परिशिष्ट–1 के अनुसार किया जाता है। उचित मूल्य दुकानवार उप–आवंटन खाद्य विभाग के पोर्टल पर प्रदर्शित है। उक्त आवंटन के उचित मूल्य दुकानवार उठाव के दौरान निम्न कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

1– प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत, खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित पात्र लाभार्थियों/परिवारों को खाद्यान्न(गेहूं) उपलब्ध कराना अनिवार्य है। माह अप्रेल, 2020 के पेटे गेहूं का मासिक आवंटन दो श्रेणियों में किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में उचित मूल्य दुकानवार अन्त्योदय, बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल तथा PHH अन्य श्रेणी को निःशुल्क पात्रतानुसार सप्लाई चैन मैनेजमेन्ट व्यवस्था (SCM) के माध्यम से गेहूं आवंटन किया गया है।

| गेहूं आवंटन की श्रेणियां ( Categories ) | | | |
|---|---|---|---|
| श्रेणी | शीर्षक | दर | मात्रा |
| प्रथम | AAY, BPL & SBPL | निःशुल्क | 05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति |
| द्वितीय | PHH (Others) | निःशुल्क | 05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति |

**नोटः– भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त आवंटित गेहूं का शत–प्रतिशत उठाव 30.04.2020 से पूर्व किया जाना है तथा इसका वितरण भी माह अप्रेल, 2020 में ही किया जाना है।**

2– खाद्य विभाग द्वारा जिले की उचित मूल्य की दुकानों पर पंजीकृत "अन्त्योदय, बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल व PHH अन्य श्रेणी" के पात्र परिवारों/लाभार्थियों की विभागीय पोर्टल पर दिनांक 30.03.2020 की अद्यतन संख्या के आधार पर माह अप्रेल, 2020 का आवंटन, ऑफलाईन वितरण वाली दुकानों को सम्मिलित करते हुए, एतद्द्वारा जिलेवार उचित मूल्य दुकानवार किया जाता है।

3– खाद्य विभाग (मुख्यालय) से जारी जिलेवार एवं प्रत्येक उचित मूल्य दुकानवार गेहूं के आवंटन आदेश के अनुरूप श्रेणीवार गेहूं के उठाव का रिलीज आर्डर (RO) जिला रसद अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। आवंटित गेहूं के जिला स्तर पर समय पर उठाव एवं आपूर्ति की संयुक्त जिम्मेदारी जिला रसद अधिकारी एवं प्रबंधक,नागरिक आपूर्ति की होगी।

4– खाद्य विभाग के पोर्टल पर भी गेहूं के आवंटन, उठाव एवं वितरण हेतु श्रेणीवार प्रविष्टियां संधारित की जाएगी।

5– उचित मूल्य दुकानों को गेहूं की आपूर्ति उचित मूल्य दुकान पर दोनों श्रेणियों (प्रथम श्रेणी–अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल एवं द्वितीय श्रेणी– PHH अन्य श्रेणी) के राशनकार्डो की संख्या के आधार पर की जाएगी।

Scanned with CamScan

6– उचित मूल्य दुकान को आवंटित खाद्यान्न(गेहूं) मात्रा राशन डीलर की पोस मशीन पर प्रदर्शित होगी जिसे राशन डीलर द्वारा रिसीव करने पर आवंटित खाद्यान्न(गेहूं) मात्रा ''सेन्ड टू पोस'' हो जायेगी।

7– जिलेवार खाद्यान्न(गेहूं) का आवंटन जिले की कुल ऑफलाईन दुकानों की संख्या को सम्मिलित करते हुए किया गया है। इस हेतु कोई भी अतिरिक्त आवंटन देय नहीं होगा।

8– योजनान्तर्गत थोक विक्रेता (KVSS/MCS) एवं उचित मूल्य दुकान स्तर पर श्रेणीवार वितरित गेहूं के माहवार स्टॉक रजिस्टर के संधारण की व्यवस्था समुचित मार्गदर्शन देकर प्रारम्भ करवाये जाने हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों की पालना की जाए तथा संधारित रजिस्टर के सैम्पल जांच नियमित रूप से जिला रसद अधिकारी एवं प्रवर्तन स्टॉफ द्वारा किया जाए, ताकि अन्त्योदय, बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल के लाभार्थियों को निर्धारित पात्रतानुसार गेहूं प्राप्त होने की पुष्टि हो सकें।

9– नवीन व्यवस्था अन्तर्गत श्रेणीवार वितरित गेहूं का माहवार स्टॉक रजिस्टर (Stock Register) उचित मूल्य दुकानदार द्वारा संधारित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन पोस पर परिलक्षित अनुसार ऑपनिंग एवं क्लोजिंग बैलेन्स स्पष्ट अंकित किया जाएगा। प्रतिदिन वितरण एवं अवशेष स्टॉक की मात्रा श्रेणीवार (अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल एवं PHH अन्य) संधारित की जाएगी। स्टॉक रजिस्टर में श्रेणीवार प्रविष्ट मात्रा का मिलान पोस पर परिलक्षित मात्रा से होना आवश्यक है।

10– गेहूं वितरण की ग्राहक पर्ची (Beneficiary Reecipt) पोस मशीन से आवश्यक तौर पर जारी की जाएगी तथा प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध करवाई जाएगी।

11– सप्लाई चैन मैनेजमेन्ट व्यवस्था अन्तर्गत उचित मूल्य दुकानवार राशनकार्डो की संख्या के आधार पर गेहूं का आवंटन किया जा रहा है। अतः आवंटन के अनुरूप उठाव सुनिश्चित किया जाना जिला रसद अधिकारी की जिम्मेदारी होगी तथा जिला स्तर से गेहूं का समर्पण नहीं किया जाए। विशिष्ट परिस्थितियों में गेहूं के आंशिक समर्पण की आवश्यकता होने पर –

(अ) समर्पण के प्रस्ताव जिला कलक्टर(रसद) के माध्यम से समुचित कारण (Justifications) सहित प्रेषित किए जाए।

(ब) गेहूं का समर्पण भी श्रेणीवार किया जाएगा। प्रथम श्रेणी (अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल) एवं द्वितीय श्रेणी (PHH अन्य श्रेणी) में गेहूं के समर्पण का रिकॉर्ड पृथक–पृथक संधारित किया जाएगा।

शेष अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्वानुसार यथावत लागू रहेगी।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

Sd

( अशोक कुमार सांखला )
उपायुक्त एवं उपशासन सचिव

कमांकःएफ 13(1)खा.वि./आवंटन/खाद्य सुरक्षा/2018–II जयपुर, दिनांक : 01.04.2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. विशिष्ट सहायक, माननीय खाद्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।

02. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग को भेजकर लेख है कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त गाईडलाइन अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की समस्त श्रेणीयों के लाभार्थीयों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम गेहूं निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाना हैं। अतः तदानुसार सॉफ्टवेयर में आवश्यक संशोधन करने हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित करने का श्रम करें।

03. निजी सचिव, शासन सचिव(खाद्य), राजस्थान, जयपुर।

04. निजी सचिव, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, राजस्थान, जयपुर।

05. समस्त जिला कलक्टर्स, राजस्थान।

06. प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य खाद्य आपूर्ति निगम लि., जयपुर।

Scanned with CamScanner

07. महाप्रबंधक(क्षेत्र), क्षेत्रीय कार्यालय, भारतीय खाद्य निगम, नेहरू पेलेस, टोंक रोड, जयपुर को भेजकर लेख है कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त गाईडलाइन अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की समस्त श्रेणीयों के लाभार्थीयों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम गेहूं निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाना हैं। जिसके तहत योजना में चयनित अन्त्योदय अन्न योजना के परिवारों के लिए 13,947.145 मैट्रिक टन तथा अन्य पात्र लाभार्थीयों हेतु 2,09,352.655 मैट्रिक टन गेहूं का अतिरिक्त आवंटन किया जा रहा है। कृपया आवंटन अनुसार उठाव सुनिश्चित करवायें। उक्त योजना के लाभार्थियों की श्रेणीवार उपलब्ध वास्तविक संख्या भारत सरकार को पृथक से भिजवाई जा रही हैं।

08. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., खाद्य विभाग, राज.जयपुर।

09. समस्त जिला रसद अधिकारी, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि माह अप्रेल, 2020 हेतु आवंटित गेहूं की मात्रा का निर्धारित अवधि में राशि जमा कराकर नियत वैधता अवधि में उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करावें।

10. प्रोग्रामर, खाद्य विभाग को सभी संबंधित को ईमेल एवं विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।

11. रक्षा पत्रिका।

उपायुक्त एवं उपशासन सचिव

Scanned with CamScanner

परिशिष्ट-1

## Additional Wheat Allotment for April-2020

| Sr. No. | District | Category wise Net allotment | | | | Net Allotment (M.T.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | NFSA AAY Allotment (M.T.) | NFSA BPL Allotment (M.T.) | NFSA SBPL Allotment (M.T.) | NFSA APL Allotment (M.T.) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7=3+4+5+6 |
| 1 | Ajmer | 403.340 | 1329.580 | 528.105 | 5689.601 | 7950.626 |
| 2 | Alwar | 479.910 | 1953.815 | 671.745 | 9660.417 | 12765.887 |
| 3 | Banswara | 1036.945 | 3106.735 | 952.535 | 2952.730 | 8048.945 |
| 4 | Baran | 980.815 | 1132.965 | 260.595 | 2533.774 | 4908.149 |
| 5 | Barmer | 498.690 | 3030.395 | 478.155 | 5033.855 | 9041.095 |
| 6 | Bharatpur | 396.265 | 1813.460 | 441.040 | 5265.431 | 7916.196 |
| 7 | Bhilwara | 522.385 | 2160.830 | 715.420 | 4369.198 | 7767.833 |
| 8 | Bikaner | 272.575 | 2647.970 | 590.375 | 3284.796 | 6795.716 |
| 9 | Bundi | 263.785 | 925.000 | 276.090 | 2299.339 | 3764.214 |
| 10 | Chittaurgarh | 577.090 | 1240.785 | 759.950 | 2306.667 | 4884.492 |
| 11 | Churu | 540.385 | 2328.650 | 493.335 | 3509.879 | 6872.249 |
| 12 | Dausa | 240.255 | 1394.800 | 211.635 | 3846.082 | 5692.772 |
| 13 | Dhaulpur | 226.865 | 970.470 | 204.500 | 2951.982 | 4353.817 |
| 14 | Dungarpur | 728.230 | 3202.680 | 453.745 | 2179.054 | 6563.709 |
| 15 | Ganganagar | 210.995 | 1702.725 | 199.485 | 3559.755 | 5672.960 |
| 16 | Hanumangarh | 285.960 | 1260.135 | 225.400 | 3213.938 | 4985.433 |
| 17 | Jaipur | 294.600 | 2080.820 | 668.685 | 11818.449 | 14862.554 |
| 18 | Jaisalmer | 141.950 | 617.240 | 157.495 | 1190.991 | 2107.676 |
| 19 | Jalor | 541.250 | 1877.410 | 408.370 | 3243.181 | 6070.211 |
| 20 | Jhalawar | 358.110 | 1493.655 | 377.745 | 3259.585 | 5489.095 |
| 21 | Jhunjhunun | 216.855 | 675.235 | 258.730 | 5167.894 | 6318.714 |
| 22 | Jodhpur | 206.750 | 2309.840 | 267.250 | 7697.217 | 10481.057 |
| 23 | Karauli | 419.785 | 1985.350 | 391.180 | 2258.444 | 5054.759 |
| 24 | Kota | 203.270 | 1463.235 | 233.110 | 3064.701 | 4964.316 |
| 25 | Nagaur | 395.150 | 1748.255 | 472.285 | 8826.891 | 11442.581 |
| 26 | Pali | 431.305 | 1724.085 | 446.870 | 4038.311 | 6640.571 |
| 27 | Pratapgarh | 290.085 | 1461.345 | 362.650 | 1568.750 | 3682.830 |
| 28 | Rajsamand | 427.105 | 1264.585 | 340.335 | 2368.835 | 4400.860 |
| 29 | Sawai Madhopur | 343.140 | 1093.485 | 407.150 | 2484.643 | 4328.418 |
| 30 | Sikar | 195.425 | 1020.580 | 227.430 | 7133.687 | 8577.122 |
| 31 | Sirohi | 239.745 | 801.760 | 256.980 | 2569.236 | 3867.721 |
| 32 | Tonk | 406.820 | 1137.465 | 485.005 | 3059.964 | 5089.254 |
| 33 | Udaipur | 1171.310 | 4849.155 | 1040.405 | 4877.098 | 11937.968 |
| | **Total** | **13947.145** | **57804.495** | **14263.785** | **137284.375** | **223299.800** |

Scanned with CamScan